B. K. Birla College of Arts, Science & Commerce (Autonomous), Kalyan
(Formerly known as Birla College of Arts, Science and Commerce, Kalyan)
Conducted by Kalyan Citizens' Education Society
Affiliated to University of Mumbai
'College of Excellence' status by UGC (2015-2020)
Reaccredited by NAAC (3rd Cycle) with 'A' Grade (CGPA - 3.58) (2014-2021)
'Performance Excellence Trophy - 2011 in Education' by IMC RBNQA Trust
'Best College Award' by University of Mumbai (2009)
ISO 9001:2015 Certified

## बी.के. बिड़ला महाविद्यालय (सशक्त स्वायत्त), कल्याण एवं
## *अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, पुरस्कृत साहित्य भारती, कल्याण (महाराष्ट्र)*
## *द्वारा आयोजित*
## *नवलेखक - प्रतिभा शोध — कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2024*

सेवा में,

**प्राचार्य / मुख्याध्यापक,**

-----

मान्यवर,

वर्ष 1972 में स्थापित बी. के. बिडला महाविद्यालय (स्वायत्त), कल्याण महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक है | वर्तमान में यहाँ के विविध संकायों में लगभग चौदह हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं | महाविद्यालय को 'NAAC' द्वारा A++ ग्रेड- Fourth Cycle (CGPA – 3.51-) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा College with Potential for Excellence का दर्ज़ा प्राप्त हुआ है | महाविद्यालय का हिन्दी विभाग प्रतिवर्ष राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय परिसंवाद और नव लेखक शिविर आदि अनेक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है |

अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, समस्त भारतीय भाषाओं का देशव्यापी संगठन है | वर्ष १९६६ में दिल्ली में स्थापित इस परिषद् द्वारा भारतीय साहित्य एवं भारतीय भाषाओं की उन्नति, मानवीय मूल्यों की स्थापना, साहित्य में अनुसंधान कार्य / शोध कार्य एवं भारतीय जीवन मूल्यों को साहित्य के माध्यम से प्रचारित – प्रसारित करने हेतु अनेक आयोजन निरंतर किये जा रहे हैं |

इस वर्ष बी.के.बिडला महाविद्यालय (सशक्त स्वायत्त), कल्याण और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की कल्याण इकाई द्वारा थाने, मुंबई , नवी मुंबई और पालघर जिलों में स्थित शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों में लेखन क्षेत्र की नई प्रतिभाओं के चयन के उद्देश्य से तीन स्तर पर कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है |

### १- आठवीं से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए :

विषय : संयुक्त परिवार : बच्चों के समुचित विकास में सहायक
मराठी : संयुक्त कुटुंब : मुलांचा विकासात महत्त्वपूर्ण भूमिका
अंगरेजी : A Joint family : Beneficial for the proper development of Children
शब्द सीमा : १५०० से २००० शब्दों तक

### २- कनिष्ठ महाविद्यालय के छात्रों के लिए विषय :

विषय : पर्यावरण संरक्षण : हमारी पहली जिम्मेदारी
मराठी : पर्यावरण संरक्षण : आमची प्रथम जवाबदारी आहे



CamScanner

अंगरेजी : Environmental Conservation is our prime responsibility

शब्द सीमा : २००० से ३००० शब्दों तक |

## ३- महाविद्यालय (स्नातक / स्नातकोत्तर ) के छात्रों के लिए विषय :

हिन्दी : सामाजिक समरसता : देश के विकास का महत्त्वपूर्ण घटक

मराठी : सामाजिक समरसता : देशाच्या विकासाचा महत्त्वपूर्ण घटक आहे

अंगरेजी : Social Harmony is crucial Component of National Development

**शब्द सीमा : २५०० से ३५०० शब्दों तक |**

अपनी कक्षा के अनुसार विद्यार्थी अपने विषय का चुनाव करके हिन्दी, मराठी अथवा अंग्रेजी इन तीनों में से किसी एक भाषा में अपनी कहानी लिख सकते हैं | कहानी आप हाथ से स्पष्ट और शुद्ध अक्षरों में लिख कर अथवा स्वयं टाइप करके और प्रिंट निकाल कर भेज दें | कहानी के प्रथम पृष्ठ पर 'नवलेखक - प्रतिभा शोध — कहानी प्रतियोगिता - 2024' लिखकर उसके नीचे **अपना नाम, कक्षा, विद्यालय का नाम, अपने घर का फोन/ मोबाइल नंबर अवश्य लिखें | उसके बाद अपनी कहानी के शीर्षक के साथ लिखना प्रारंभ करें |**

कहानी भेजने की अंतिम तिथि : 30 दिसम्बर, 2024

विद्यार्थी अंतिम तिथि से पूर्व अपनी कहानी अपने मुख्याध्यापक / प्राध्यापक के पास जमा कर दें | अध्यापक / प्राध्यापक अपने विद्यालय / महाविद्यालय के सभी छात्रों की कहानियाँ लिफ़ाफ़े में बंद करके भेज सकते हैं | अथवा प्रतियोगी स्वयं भी अपनी कहानी लिफाफे में भर कर निम्नलिखित पते पर पोस्ट/ कुरियर द्वारा भेज सकते हैं |

तीनों भाषाओं के अलग-अलग विद्वानों द्वारा कहानियों का मूल्यांकन किया जाएगा और उच्च अंक प्राप्त कहानियों के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तीनों भाषाओं के लिए घोषित किये जायेंगे|

**प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों को आयोजक द्वारा प्रमाण-पत्र दिए जायेंगे | तीनों भाषाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए क्रमशः रू.११००/ (ग्यारह सौ रू.), रू.७५०/ (सात सौ पचास रू.) एवं रू. ५००/ (पाँच सौ रू.) की नकद राशि के साथ सम्मान चिन्ह प्रदान किये जाएँगे | सम्मान की तिथि एवं स्थान की सूचना समय से पूर्व आपके मोबाइल पर और संस्थान में दी जायेगी |**

अतः आपसे नम्र निवेदन है कि अपने संस्थान से अधिक से अधिक छात्रों को उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने की कृपा करें |

धन्यवाद |

डाक द्वारा कहानी भेजने का पता : डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय , हिन्दी विभाग
बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण (पश्चिम), पिन – 421301, मोब- 9820114571

भवदीय


डॉ. अविनाश पाटील
प्राचार्य
बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण

डॉ. बालकवि सुरंजे
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण

प्र. श्री. देशमुख
श्री प्रवीण देशमुख
कार्याध्यक्ष
अ. भा. सा. प. कोंकण प्रान्त

श्यामसुन्दर
डॉ.श्यामसुंदर पाण्डेय
संयोजक
मो. 9820114571

श्री संजय द्विवेदी
मंत्री, अ. भा. सा. प. कोंकण प्रान्त
मो. 9833550069

सुश्री प्राजक्ता कुलकर्णी
सचिव, अ. भा. सा. प. कल्याण
मो. 9769562310


CamScanner